





# धूमधाम से मनाया मां बगलामुखी प्राकट्य उत्सव व नगर गौरव दिवस

## माता रानी का किया आकर्षक श्रृंगार, लगाया छप्पन भोग



**नलखेड़ा, 24 अप्रैल. शुक्रवार को विश्व प्रसिद्ध मां बगलामुखी का प्राकट्य उत्सव नगर गौरव दिवस के रूप में मनाया गया. मां बगलामुखी का आकर्षक श्रृंगार कर सजाया गया. मां बगलामुखी को चोला चढ़ाकर आकर्षक श्रृंगार किया गया व मंदिर को फूलों से आकर्षक साज सज्जा कर विद्युत सज्जा की गई. प्रातः काल से मां बगलामुखी मंदिर पर भक्तों की कतारें लगती रही, जो देर शाम तक चलती रही. प्रातः 10 बजे पंडितों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ मातारानी का अभिषेक किया गया तथा पीतांबरा सेवा समिति द्वारा छप्पन भोग लगाया गया. इसके बाद पुजारी द्वारा महाआरती की गई. निःशुल्क पीताम्बरा सेवा समिति के लाभार्थी प्रतीक शेखावाटीया झालावाड़ द्वारा भंडारे आयोजित किया गया.**

नगर परिषद द्वारा नगर के गौरव दिवस के उपलक्ष्य में शाम 4 बजे श्री सांवरिया नाथ मंदिर से एक विशाल भव्य शोभायात्रा निकाली गई. इसमें हजारों लोगों सहित कई वीआईपी भी शामिल हुए. ढोल-ढमाके के साथ शोभायात्रा किले के पास स्थित सांवरिया नाथ मंदिर से प्रारंभ हुई, जो नगर के चौक बाजार, गणेश दरवाजा, शिवाजी चौराहे से होती हुई मां बगलामुखी मंदिर पहुंची. संपूर्ण नगर को केसरिया व पीले झंडे से सजाया गया. प्रमुख मार्गों पर कलाकार द्वारा विशेष आकर्षक रांगोली बनाई गई. शोभायात्रा में शुरुआत में बैंड के पीछे घोड़े पर सवार धर्मध्वजा लिए युवा, रथ पर मां बगलामुखी के प्रतीक स्वरूप मूर्ति विराजित की गई थी. जगह-जगह भक्तों द्वारा शोभा यात्रा का पुष्प से स्वागत किया गया. शोभायात्रा में युवा ढोल व नगाड़ों डीजे की थाप पर जमकर थिरक रहे थे. अन्य लोग मां बगलामुखी की जय जयकार लगाते हुए चल रहे थे. शोभायात्रा में कई तरह की आकर्षक झांकियां थी.





**जगह-जगह शोभायात्रा का स्वागत**

शोभा यात्रा में घोड़ा, श्री नाथ जी, जगन्नाथ जी, राधा-कृष्ण, मां कालिका के नौ रूप सजे-धजे कलाकार का स्वांग कर शामिल हुए. आदिवासी अंचल से आए कलाकारों द्वारा राजस्थान नृत्य करते हुए चल रहे थे. जगह-जगह कई संगठनों ने शोभायात्रा का स्वागत किया गया. शोभायात्रा में विधायक भेरु सिंह बापू, पूर्व विधायक राणा विक्रम सिंह व कई राजनेता व प्रशासनिक अधिकारी शोभायात्रा में शामिल थे. एसडीएम किरण वरवड़े, तहसीलदार प्रियंक श्रीवास्तव, एसडीओपी देव नारायण यादव, थाना प्रभारी नागेश यादव, सीएमओ मिनी अग्रवाल सहित प्रशासन अधिकारी मौजूद थे.

**पूर्व संध्या पर लगाए दीपक**

मां बगलामुखी मंदिर प्रांगण में प्रकटोत्सव की पूर्व संध्या पर पीताम्बरा माई मंदिर में हजारों दीप प्रज्वलित किए गए. वहीं मां बगलामुखी मंदिर प्रांगण में एक से एक आतिशबाजी का कार्यक्रम भी किया गया. मां बगलामुखी के प्राकट्य दिवस की पूर्व संध्या पर एक भजन संध्या का आयोजन भी किया गया. जहां पर भजन गायक द्वारा माता मंदिर पर सच्ची है तू सच्चा तेरा दरबार माता रानी एक से एक भजन की प्रस्तुतियां दी गई, जो रात्रि चली. जहां पर श्रद्धालु रात्रि तक भजनों का आनंद लेते रहे.



## खाद्य सुरक्षा दल ने 2 दूध डेयरियों पर किया औचक निरीक्षण, जांच के लिए सैम्पल भी लिए

**शाजापुर, 24 अप्रैल.** कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना के निर्देश तथा अभिहित अधिकारी के मार्गदर्शन में खाद्य सुरक्षा दल की औचक निरीक्षण कार्यवाही में विगत 22 अप्रैल को शाजापुर शहर के देव नारायण दूध भंडार से घी तथा वृंदावन दूध डेयरी से भैंस के दूध के सैंपल संग्रहित कर दोनों नमूने जांच के लिए खाद्य विश्लेषक राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजे गए हैं. जांच रिपोर्ट एवं विवेचना के आधार पर कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी. इस दौरान जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी एमके वर्मा ने संबंधितों को स्वच्छता से कार्य करने, परिसर में साफ-सफाई रखने, खरीदी बिल के संग्रहण विक्रय रिकॉर्ड संधारित करने, गुणवत्ता पूर्ण एवं मानक स्तर की खाद्य सामग्री का ही संग्रहण तथा विक्रय करने के निर्देश दिए. इस अवसर पर कार्यवाही में खाद्य सुरक्षा अधिकारी एमके वर्मा एवं केएल कुम्भकार, एमएफटीएल केमिस्ट अशोक चौधरी तथा चालक शामिल थे.

## फंदे से लटका मिला युवक का शव, परिजनों से पुलिस कर रही पूछताछ

**शाजापुर, 24 अप्रैल.** जिले के सुनेरा थाना क्षेत्र के ग्राम सुनेरा में शुक्रवार को एक युवक का शव उसके घर में संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे से लटका मिला. सूचना मिलते ही सुनेरा पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया. पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव को फंदे से उतारा और पंचनामा तैयार किया और शव को पोस्टमार्टम के लिए शाजापुर जिला अस्पताल भेजा गया. शव को फिलहाल पोस्टमार्टम रूम में सुरक्षित रखा गया है और पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंपा जाएगा. सुनेरा थाना प्रभारी अंकित मुकाती ने बताया कि मृतक की पहचान महेश प्रजापति के रूप में हुई है. प्रारंभिक जांच में घटना के कारणों का अभी तक स्पष्ट पता नहीं चल पाया है. पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है और मामले की विस्तृत जांच शुरू कर दी है. घटना के पीछे के कारणों का पता लगाने के लिए पुलिस परिजनों और आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है.

## 27 को बंद रहेंगी खाद, बीज की दुकानें



**शाजापुर, 24 अप्रैल. जिले में कृषि आदान विक्रेताओं ने 27 अप्रैल को एक दिवसीय सांकेतिक हड़ताल की घोषणा की है. अपनी विभिन्न मांगों को लेकर यह कदम उठाया गया है. कृषि आदान विक्रेता संघ शाजापुर ने इस संबंध में उप संचालक किसान कल्याण एवं कृषि विकास अधिकारी आरएल जामरे को ज्ञापन सौंपा है.**

यह हड़ताल ऑल इंडिया एग्रो इनपुट डीलर एसोसिएशन नई दिल्ली और मध्य प्रदेश कृषि आदान विक्रेता संघ भोपाल के आह्वान पर की जा रही है. हड़ताल के दिन शाजापुर जिले में खाद, बीज और कीटनाशक की सभी दुकानें पूरी तरह बंद रहेंगी. इससे किसानों को एक दिन के लिए कृषि आदान सामग्री उपलब्ध नहीं हो पाएगी. विक्रेता संघ ने बताया कि यह हड़ताल उनकी लंबे समय से लंबित मांगों के निराकरण के लिए की जा रही है. हड़ताल के दिन तहसील और जिला स्तर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम ज्ञापन भी सौंपे जाएंगे. इन ज्ञापनों में व्यापारियों की समस्याओं और मांगों को प्रमुखता से उठाया जाएगा. संघ ने प्रशासन से इन मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेने की अपील की है.

## केसरिया कांति विहार धाम का लोकार्पण

### डिंगरोदा में भव्य आदिनाथ चरण पादुका प्रतिष्ठा महोत्सव मनाया



**मक्सी, 24 अप्रैल. उज्जैन-मक्सी रोड स्थित ग्राम डिंगरोदा में गुरुवार को भव्य धार्मिक उत्सव का केंद्र बन गया. जहां श्री केसरिया आदिनाथ प्रभु के चरण पादुका प्रतिष्ठा महोत्सव एवं केसरिया कांति विहार धाम का लोकार्पण अत्यंत श्रद्धा, उल्लास और आध्यात्मिक वातावरण के बीच संपन्न हुआ. इस ऐतिहासिक आयोजन में मक्सी सहित आसपास के अनेक गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए.**

महोत्सव का आयोजन जिनालय प्रेरणा, भोपावर तीर्थोधारक मालइंदु तथा आचार्य देवेश श्री नवरत्न सागर सूरी महाराज के दिव्य आशीर्वाद में हुआ. आयोजन को विशेष गरिमा आचार्य श्री विश्वरत्न सागर सुरेश्वर जी महाराज के प्रेरणामय सान्निध्य से प्राप्त हुई, जिनकी उपस्थिति ने पूरे समारोह को मंगलमय बना दिया. कार्यक्रम के दौरान 114 वर्ष प्राचीन आदिनाथ प्रभु पगलिया चरण पादुका की भव्य प्रतिष्ठा की गई. उल्लेखनीय है कि मक्सी तीर्थ के समीप ग्राम दोंता में लगभग 117 वर्ष पूर्व रामचन्द्र मथुरालाल द्वारा जिन मंदिर का निर्माण कर चरण पादुका स्थापित की गई थी, जिसकी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए यह आयोजन संपन्न हुआ. केसरिया आदिनाथ भगवान मंदिर एवं कांति विहार धाम का निर्माण मक्सी निवासी स्वर्गीय सेठ कांतिलाल जैन की स्मृति में उनकी धर्मपत्नी माता अन्नपूर्णा बाई तथा पुत्रों महेंद्र, इंदु, नरेंद्र, शैलेष एवं पुत्रियों ममता, हंसा सहित पूरे परिवार द्वारा करवाया गया. महेंद्र कटारिया परिवार ने इस धार्मिक कार्य को स्वद्रव्य से पूर्ण कर समाज के सामने सेवा और समर्पण का उदाहरण प्रस्तुत किया, जिसकी सभी ने सराहना की.

**भगवंतों का पावन सान्निध्य मिला...**

महोत्सव में साधु-साध्वी भगवंतों का भी पावन सान्निध्य प्राप्त हुआ. विशेष रूप से साध्वीवर्या श्री शीलरेखा श्री जी, श्री दिव्ययशा श्री जी, श्री स्वर्णज्योति श्री जी एवं श्री मननकीर्ति श्री जी की उपस्थिति ने आयोजन की आध्यात्मिक गरिमा को और बढ़ाया. पूरे आयोजन के दौरान जयघोष, मंगलगीत, भक्ति और धर्म आराधना से वातावरण गूंजता रहा.

**धर्मनगरी में परिवर्तित हो गया डिंगरोदा**

विभिन्न गांवों से श्रद्धालुओं द्वारा राखी, फल, चुनरी एवं स्नेह भोज की प्रस्तुतियों ने आयोजन को और अधिक भावपूर्ण बना दिया. एक समय ऐसा प्रतीत हुआ, मानो डिंगरोदा ग्राम धर्मनगरी में परिवर्तित हो गया हो. इस अवसर पर लायंस क्लब एवं हिन्दू उत्सव समिति मक्सी द्वारा जैन परिवार का नागरिक अभिनंदन भी किया गया. यह आयोजन केवल एक धार्मिक अनुष्ठान ही नहीं, बल्कि श्रद्धा, सेवा, समर्पण और गुरु कृपा का एक स्वर्णिम अध्याय बनकर क्षेत्र की स्मृतियों में अंकित हो गया.



## एक ही महिला रोग विशेषज्ञ के भरोसे दोनों यूनिट



**सिविल अस्पताल में व्यवस्थाएं बेलगाम**

**अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों के हस्तक्षेप के बाद हुआ प्रसव**

**शुजालपुर, 24 अप्रैल. सिविल अस्पताल शुजालपुर में अव्यवस्थाओं के चलते मरीजों का हाल बेहाल है. विशेष रूप से प्रसूताओं को खासी परेशानी उठानी पड़ रही है. सिविल अस्पताल शुजालपुर में बीती रात भर्ती हुई एक प्रसूता का प्रसव अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों के हस्तक्षेप के बाद हो सका. इतना ही नहीं अस्पताल में नायब तहसीलदार को लगभग दो घंटे मध्य रात्रि के बाद बैठना पड़ा, जिससे भर्ती प्रसूता का प्रसव हो सके.**

जानकारी के अनुसार ग्राम डाबरी निवासी आशा गोवर्धन को प्रसव के लिए सिविल अस्पताल शुजालपुर में भर्ती कराया गया था. प्रसव पीड़ा अधिक होने पर मामला हाईरिस्क का प्रतीत हुआ. अस्पताल में मौजूद स्टॉफ नर्स ने रैफर की सलाह दी, लेकिन 108 पर फोन लगाने पर कोई जवाब नहीं मिला. काफी देर तक प्रयास के बाद भी 108 के लिए व्यवस्था नहीं हो पाई. प्रसूता की परेशानी का मामला एसडीएम शुजालपुर एवं पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष तक पहुंचा, दोनों ने अपने स्तर पर प्रयास किया.

**सहयोगी के अभाव में नहीं हो सका उपचार**

बताया जाता है कि सिटी व मंडी के दोनों अस्पताल की यूनिट को संभालने के लिए महिला रोग विशेषज्ञ के रूप में एक मात्र चिकित्सक डॉ. आभा जैन पदस्थ हैं, जो कि प्रसूता का उपचार करने के लिए अस्पताल पहुंच गई, लेकिन सहयोगी के अभाव में उपचार नहीं हो सका. जानकारी के अनुसार रात लगभग 2 बजे रायपुर गांव में निवासरत एक कर्मचारी को अस्पताल बुलाया एवं इसके बाद प्रसूता का सीजर ऑपरेशन किया गया. शुक्रवार सुबह एसडीएम राजकुमार हलदर भी सिविल अस्पताल पहुंचे व अस्पताल का रुटीन निरीक्षण कर व्यवस्था संबंधी चर्चा की और स्टॉफ की परेशानी को भी जाना. बता दें सिविल अस्पताल में लंबे समय से मरीजों को परेशानी हो रही है. इस अस्पताल में पदस्थ कुछ चिकित्सकों की रुचि निजी नर्सिंग होम और निजी प्रैक्टिस के चलते अस्पताल की व्यवस्थाएं बदहाल होती जा रही हैं.

**समय पर नहीं मिलती आपातकालीन सेवा**

सिविल अस्पताल में सेवा भाव की निष्ठा लगातार कम हो रही है और निजी हित के चलते व्यवस्थाएं बिगड़ रही हैं. कई मामलों में रैफर की स्थिति बनती है. आर्थिक रूप से सक्षम व्यक्ति तो निजी अस्पताल में चले जाते हैं, लेकिन जो सक्षम नहीं हैं, उनकी परेशानी बढ़ जाती है. विगत दो माह से आपातकालीन सेवा 108 का संचालन बिगड़ा हुआ है. कॉल करने पर यह सेवा समय पर उपलब्ध नहीं हो पा रही है. उधर, सिविल अस्पताल में मौजूद एम्बुलेंस की सेवा चिकित्सकों को इमरजेंसी में घर से लाने व ले जाने के लिए रहती है, लेकिन मरीज को रैफर करना हो, तो इस एम्बुलेंस पर भरोसा नहीं किया जाता है.

**इनका कहना है**

*सिविल अस्पताल का रुटीन निरीक्षण किया गया. रात्रि में प्रसूता की परेशानी संबंधी जानकारी मिली थी, जिसका सीजर हो गया और जच्चा व बच्चा दोनों सुरक्षित हैं. अस्पताल में स्त्री रोग विशेषज्ञ को ज्वॉइन करना था, लेकिन अभी तक हुआ नहीं है. 108 को कॉल करने पर उपलब्ध नहीं हो पा रही है. उसकी शिकायत मिली है. इस संबंध में जवाबदारों से चर्चा की जा रही है.*

***– राजकुमार हलदर, एसडीएम, शुजालपुर***

## किसानों के समर्थन में सत्याग्रह...



**शुजालपुर, 24 अप्रैल.** कांग्रेस सेवा दल द्वारा किसानों की विभिन्न मांगों को लेकर भोपाल में आयोजित सत्याग्रह एवं भूख हड़ताल में शुजालपुर से भी कार्यकर्ताओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई. शुक्रवार को प्रदेश अध्यक्ष अवनीश भार्गव के नेतृत्व में चल रहे इस आंदोलन में शुजालपुर से जिला अध्यक्ष कैलाश उपलावदिया के नेतृत्व में कार्यकर्ता भोपाल पहुंचे. कार्यकर्ताओं ने मोहन सरकार के खिलाफ किसानों को उनकी फ सलों का उचित मूल्य दिलाने तथा नुकसान की भरपाई की मांग को लेकर आयोजित सत्याग्रह में शामिल होकर समर्थन दिया. आंदोलन का उद्देश्य किसानों के हितों की रक्षा करना और उनकी समस्याओं की ओर सरकार का ध्यान आकर्षित करना रहा. इस दौरान शुजालपुर से कांग्रेस सेवा दल जिला अध्यक्ष कैलाश उपलावदिया, मंगल सिंह राठौड़, मोहन सिंह पंवार, कैलाश कुशवाह एवं मेहबूब पटेल सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे.

**एक नजर में** | **मोहन बड़ोदिया को नहीं मिल रही जाम से मुक्ति**

## नगर में अतिक्रमण हटेगा या सिर्फ नोटिस-नोटिस खेलेंगे




**मोहन बड़ोदिया, 24 अप्रैल. मोहन बड़ोदिया का मुख्य मार्ग जो आगर-सारंगपुर और नलखेड़ा को जोड़ने वाला है. यह मार्ग लगातार अतिक्रमण की चपेट में है. विगत 17 अप्रैल को तहसीलदार के आदेश पर ग्राम पंचायत मोहन बड़ोदिया द्वारा अतिक्रमणकारी दुकान संचालकों को नोटिस देकर 7 दिन में अतिक्रमण हटाने की चेतावनी दी गई थी. लेकिन समयावधि पूरी होने के बाद भी अतिक्रमणकर्ताओं ने अतिक्रमण नहीं हटाया. न ही प्रशासन द्वारा अपने नोटिस पर कोई कार्यवाही की गई. जिसे देखकर ऐसा लग रहा है कि मोहन बड़ोदिया प्रशासन और व्यापारियों के बीच नोटिस-नोटिस का खेल चल रहा हो.**

बता दें 17 अप्रैल को तहसीलदार के आदेश पर ग्राम पंचायत मोहन बड़ोदिया द्वारा अतिक्रमणकारी दुकान संचालकों को जो नोटिस दिया गया था, उसमें बताया गया था कि 7 दिवस में दुकान संचालकों द्वारा किया हुआ अतिक्रमण स्वयं द्वारा हटाया जाए अन्यथा सख्ती से कार्यवाही कर हटाया जाएगा. लेकिन नोटिस की मियाद पूरी होने के बाद याने 24 अप्रैल हो जाने के उपरांत भी किसी भी प्रकार के अतिक्रमण को हटाने की कार्यवाही नहीं हुई. मामले में मोहन बड़ोदिया तहसीलदार श्रीमती दिव्या जैन का कहना है कि पूर्व में नोटिस देकर स्वैच्छा से अतिक्रमण हटाने को कहा गया था. दुकान संचालकों ने जो अतिरिक्त टीन शेड और जो अतिक्रमण कर रखा है, उसे नहीं हटाया, तो उनसे जवाब लेकर राजस्व और पुलिस बल द्वारा हटाया जाएगा.

**पल-पल लगता रहा जाम...**

शुक्रवार को शाम करीब 5 बजे मोहन बड़ोदिया के मुख्य मार्ग आगर-सारंगपुर मार्ग, नलखेड़ा रोड पर फिर अतिक्रमण के कारण जाम की स्थिति बन गई. यहां सड़क तक फैले अतिक्रमण के कारण वाहनों की आवाजाही प्रभावित होती रही, जिसके कारण यहां पल-पल जाम लगता रहा. ऐसे में वाहन चालकों के साथ राहगीरों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ा.

**नगर की आधी सड़क पर व्यापारियों का कब्जा...**

मोहन बड़ोदिया का मुख्य मार्ग आगर-सारंगपुर मार्ग और नलखेड़ा रोड व्यापार का केंद्र है. यहां पर व्यापारियों ने सड़क के दोनों तरफ इतना अतिक्रमण कर रखा है कि आधी सड़कें व्यापारियों द्वारा रखे गए सामान से ही पट जाती है. इतना ही नहीं व्यापारियों ने दुकानों के बाहर अवैध रूप से शेड भी लगा रखे हैं, जो भी परेशानी का कारण बनते हैं. इसके अलावा हाथ ठेले और सड़क पर बैठकर व्यापार करने वालों के कारण भी यातायात व्यवस्था बाधित होती है.

**इनका कहना है**

*नोटिस का समय पूरा हो गया है. जिन व्यापारियों द्वारा अतिक्रमण नहीं हटाया गया है, अब राजस्व और पुलिस बल की मदद से उनका अतिक्रमण हटाया जाएगा.*

***– श्रीमती दिव्या जैन, तहसीलदार, मो. बड़ोदिया***

## एफएसडब्ल्यू से जिला चिकित्सालय में जन जागरूकता

**शाजापुर, 24 अप्रैल.** चलित राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला फूड सेफ्टी ऑन व्हील के द्वारा गत दिवस जिला चिकित्सालय में एनआरसी तथा मरीजों को शासन द्वारा प्रदाय निःशुल्क दलिया, दूध, भोजन, बिस्किट्स नाश्ता सामग्री की जांच कर कैंटीन संचालित करने वाले स्टाफ सहित निगरानी डॉक्टर मरीजों को खाद्य साम्रगी के उचित रख रखाव, संग्रहण, व्यक्तिगत स्वच्छता, पैक खाद्य सामग्री के लेबल पढ़ने, दैनिक उपभोग की सामग्री के जांच के घरेलू टिप्स दिए गए. फोर्टीफाइड फूड प्लस एफनिशान वाले दूध, खाद्य तेल, दाल, चावल, दलिया, नमक का सेवन को बढ़ावा देना. साथ ही मौजूदजनों को प्रतिदिन की डाइट में मैदा, नमक, तेल तथा शक्कर के उपयोग को कम करने की सलाह दी गई. खाद्य सुरक्षा अधिकारी एमके वर्मा ने बताया कि खाद्य सामग्री को दवाई के रूप में सेवन कर बना औषधि के भी इलाज संभव है. नमक तेल एवं चीनी के कम से कम मात्रा सेवन से असंचारी रोग एनसी डी हार्ट अटैक, हाइपर टेंशन, बीपी, डायबिटीज, एनीमिया आदि को नियंत्रित किया जा सकता है. इस मौके पर एमके वर्मा तथा केएल कुम्भकार, केमिस्ट महेश चौधरी, आरएमओ गोविंद पाटीदार, एमओ सचिन नायक एवं राकेश आर्य उपस्थित थे.